हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक 10

कॉमन फड़ पर आढ़तियों में कब्जा करने की लगी होड़ 10


### रोडवेज कर्मचारियों ने बस अड्डे पर किया प्रदर्शन
# सेंट्रल वर्कशॉप हिसार-करनाल को बंद करने पर जताया विरोध
## महाप्रबंधक के प्रतिनिधि के तौर पर यातायात प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने वीरवार को मांगों को लेकर ज्ञापन महाप्रबंधक को सौंपा। ज्ञापन से पहले हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर सेंट्रल वर्कशॉप हिसार और करनाल को बंद करने के विरोध में सभी डिपो में सांझा मोर्चा द्वारा प्रदर्शन किया गया। जींद डिपो में सांझा मोर्चा में शामिल यूनियनों के डिपो प्रधान बिजेंद्र सांगवान, देवेंद्र घोडेला, जितेंद्र लाठर, चंद्रलाल, विनोद श्योकंद की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन हुआ और महाप्रबंधक के प्रतिनिधि के तौर पर यातायात प्रबंधक पंकज पूनिया को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन कार्यक्रम में राज्य सांझा मोर्चा की तरफ से सुशील ईक्कस, कुलदीप मोर, अनूप लाठर, जसबीर चहल ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान एसीएस परिवहन विभाग द्वारा दोनो वर्कशॉप के खर्च जिसमें मरम्मत कार्य, पंप कार्य और टायर रिसोल कार्य की समीक्षा बारे कमेटी गठित की गई है। इन वर्कशॉप को बंद करने की सिफारिश की जा रही है। जिसका सांझा मोर्चा विरोध करता है। क्योंकि दोनो वर्कशॉप में कार्य करने की क्षमता और गुणवत्ता बहुत अच्छी है जो किसी प्राइवेट कंपनी से कहीं बेहतर है। एचआरईसी गुड़गांव में नई बसों की बॉडी निर्मित न करवा कर किसी अन्य प्राइवेट कंपनी से निर्मित करवाने की योजना बनाई जा रही है। जिस कारण प्रतीत होता है कि परिवहन विभाग में निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे विभाग को राजस्व हानि और आम जनता को परिवहन सेवा से वंचित होना पड़ सकता है। इस ज्ञापन के माध्यम से सांझा मोर्चा कमेटी ने सरकार से मांग की कि करनाल और हिसार वर्कशॉप की कार्य कुशलता को देखते मरम्मत और इंजन, पंप कार्य यहीं से करवाए जाएं और बॉडी निर्माण का कार्य एचआरईसी गुड़गांव से ही करवाया जाए। चालक और परिचालकों के 10 दिन के रात्रि ठहराव बारे जारी आदेशों को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए। मांगों को पूरा नही किया गया तो सांझा मोर्चा आंदोलन के लिए मजबूर होगा। नितिश शर्मा, जयबीर बालू, पवन, श्यामलाल, ओमबीर, ओमप्रकाश, मंदीप मौजूद रहे।


जींद। मांगों को लेकर यातायात प्रबंधक पंकज पूनिया को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।


जींद। ज्ञापन सौंपते रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### दो घंटे तक धरना व प्रदर्शन

सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य आजाद गिल ने बताया कि करनाल व हिसार सेंट्रल वर्कशॉप में इंजन मरम्मत कार्य, पंप कार्य व टायर रिसोल कार्य की समीक्षा बारे एक कमेटी का गठन किया है। गठन कमेटी कुछ सीमित समय को आधार मान कर दोनों वर्कशॉपों को बंद करने की सिफारिश करने जा रही है। जिसका सांझा मोर्चा विभाग हित में विरोध करता है। क्योकिं दोनों वर्कशॉपो में कार्य करने की कुशलता व गुणवत्ता बहुत अच्छी है। संदीप रंगा, स'जन कंडेला ने कहा कि इस समय नई 500 बसों की बॉडी निर्मित न करवा कर अन्य प्राइवेट कंपनी में बसों की बॉडी निर्मित करवाने की योजना बनाई जा रही है। विभाग ने पिछले समय मे 1000 बसों की बॉडी अन्य कंपनी से बनवाई थी। इन निजी कंपनी से निर्मित बॉडी की तुलना की जाए तो एचआरईसी निर्मित बॉडी कही बेहतर हैं। कहा कि विभाग में स्टाफ की भारी कमी है। विभाग में सरकार द्वारा चालक परिचालकों का रात्रि ठहराव भत्ता केवल 10 रात्रि ठहराव समिति किया गया हैं। यह निर्णय विभाग हित में नही है। विभाग को राजस्व हानि व आम जनता परिवहन सेवा से वंचित न रहना पड़े, इसलिए रात्रि ठहराव संबंधित जारी आदेश पत्र को तुरंत वापस लिया है।

## कॉलेज में छात्रा संदिग्ध हालात में दूसरी मंजिल से गिरी, गंभीर
### छात्रा पीजीआई रोहतक रेफर

■ छलांग लगाई या संतुलन बिगड कर गिरी बना रहस्य, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला कॉलेज में वीरवार दोपहर को संदिग्ध हालात के चलते बीएससी मेडिकल फाइनल ईयर की छात्रा ने कॉलेज की दूसरी मंजिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा का संतुलन बिगड कर गिरी या छलांग लगाई इस पर संश्य बना हुआ है। घायल छात्रा को नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राजकीय प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला कालेज में वीरवार दोपहर को उस समय हडकंप मच गया। जब बीएससी मेडिकल फाइनल ईयर की 21 वर्षीय छात्रा कालेज की दूसरी मंजिल लगभग 40 फूट की ऊंचाई से नीचे पार्क में गिर गई। धडाम की आवाज ने स्टाफ तथा छात्राओं का ध्यान अपनी और खींचा। गंभीर रूप से घायल छात्रा को स्टाफ द्वारा नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। छात्रा सैक्टर आठ की रहने वाली है। यह खुलासा नही हो पाया कि आखिरकार छात्रा का संतुलन बिगड़ कर नीचे गिरी है या उसने छलांग लगाई है। कालेज की दूसरी मंजिल की छत पर जाना इस तरफ इशारा करती है कि छात्रा ने छलांग लगाई है। हालांकि कालेज प्रबंधन ने कॉलेज में परिसर मे लगे सीसी टीवी कैमरों की फूटेज को भी खंगाला है। छात्रा ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी घायल छात्रा खुद बता सकती है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।


जींद। महाविद्यालय में जांच करते स्टाफ व टायल पर लगा खून।

### छात्रा के गिरने के कारणों की जांच जारीः प्राचार्य

कॉलेज प्राचार्य जयनारायण गहलावत ने बताया कि छात्रा कालेज की दूसरी मंजिल से गिर गई थी। जिसे तत्काल नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। छात्रा के गिरने के कारणों की जांच की जा रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुखबीर ने बताया कि वे कार्यवश बाहर गए हुए हैं। मामले की जानकारी ली जाएगी ओर जो भी सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार की 42 हजार रुपये की नगदी निकाली

**जींद।** गांव डूमरखां कलां से दो युवकों ने लिफ्ट ले बाइक सवार की जेब से 42 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव हसनपुर निवासी कप्तान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर गांव बडनपुर जा रहा था।

### ट्राली-बाइक की भिडंत में एक व्यक्ति की मौत

**अलेवा।** अलेवा-राजौंद संपर्क मार्ग पर बुधवार देर शाम को एक ट्राली में बाइक की टक्कर लगने से अलेवा निवासी व्यक्ति गंभीर तौर से घायल हो गया। परिजनों ने घायल व्यक्ति को जींद के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले का मुआयना किया।

### राजकीय स्कूल का टूटा ताला, दो सिलेंडर चोरी

**जींद।** राजकीय स्कूल मांडोखेड़ी का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर दो गैस सिलेंडरों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मांडोखेड़ी राजकीय स्कूल के मुख्यिा मीना कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर दो गैस सिलेंडरों को चोरी कर लिया।

### आटो चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** आटो चोरी के मामले में 2 आरोपियों को थाना सदर पुलिस के एचसी कुलदीप सिंह द्वारा आरोपी शक्ति नगर कैथल निवासी विकास व चरासो पंजाब निवासी बलजीत को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव धर्मपुरा निवासी अशोक कुमार की शिकायत अनुसार 9 सितंबर को घर के सामने से उसकी आटो को अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया।

### आर्य समाज मंदिर में वैदिक प्रचार सत्संग आज

**जींद।** स्थानीय रेलवे मार्ग स्थित आर्य समाज मंदिर में तीन दिवसीय वेद प्रचार सत्संग शुक्रवार से प्रारंभ होगा। गुरुकुल जोधपुर के आचार्य वरुण देव वैदिक प्रवचन करेंगे और गायक पंडित रामनिवास आर्य पानीपत वाले अपनी मंडली के साथ भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में आचार्य वरुण देव पतंजलि योग, ध्यान की सूक्ष्म क्रियाओं का प्रशिक्षण देंगे।

### अनैतिक कार्य करवाने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** होटल में अनैतिक कार्य करवाने के मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय उमेद सिंह द्वारा करते आरोपी बालु निवासी अमित, प्योदा निवासी पारुल व सांघन निवासी बिंटु को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सिविल लाइन के सुरक्षा एजेंट की शिकायत अनुसार उसको गुप्त सूचना मिली थी।

### ट्रांसफार्मर से 120 लीटर कीमती ऑयल चोरी

**जींद।** गुरूद्वारा साहिब फार्म में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से चोरों ने 120 लीटर कीमती ऑयल को चोरी कर लिया। थाना पुलिस ने बिजली निगम एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने गुरूद्वारा साहिब फार्म में बिजली ट्रांसफर्मार रखा हुआ है।

### मारपीट और धमकी के आरोप में तीन पर केस

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव रोहेड़ा निवासी दलबीर ने राजौंद थाना में शिकायत दी कि 31 मार्च को आरोपी संदीप, गोलू व महिंद्रो ने उसके सिर पर ईंटों से हमला कर उसे घायल कर दिया।

## सीएम फ्लाइंग की बीडीपीओ कार्यालय में रेड
### खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित कई कर्मी गैर हाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

खबर का असर

सीएम फ्लाइंग की टीम ने डीएसपी राजदीप सिंह की अगुवाई में बीडीपीओ कार्यालय में छापा मारा और हाजिरी रजिस्टर सहित सारे रिकार्ड को खंगाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा मजदूरों, सरपंचों व अन्य प्रभावित लोगों ने यहां कई बार उक्त समस्या को लेकर धरने व प्रदर्शन किए हैं और कल ही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने कार्यालय में प्रदर्शन किया था, जिसका समाचार हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था, जिसके बाद सीएम फ्लाइंग हरकत में आई और उक्त कार्यालय में रेड की। इस बीच हरिभूमि से बातचीत करते डीएसपी राजदीप सिंह ने बताया कि उक्त कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा गैर हाजिर रहने व लोगों को आ रही समस्याओं बारे शिकायतें मिल रही थी। बताया कि आज खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित कुछ अन्य कर्मचारी गैर हाजिर पाए और कर्मचारियों ने बताया कि बीडीपीओ आज छुट्टी पर हैं परंतु मौके पर कोई छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र नहीं मिला। उन्हें बताया कि उक्त अधिकारी ने छुट्टी के लिए उपायुक्त को पत्र लिखा हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त सभी मामलों की जांच करने के उपरांत उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।


गुहला चीका। बीडीपीओ कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की टीम जांच करते।

## गुहला-चीकाः अवैध कब्जों को लेकर नपा प्रशासन आया हरकत में, कब्जों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

छोटी मंडी चीका में अवैध कब्जों को लेकर नपा प्रशासन हरकत में आया और अधिकारियों व कर्मियों ने कब्जे हटाने की कार्रवाई को अमलीजामा पहनाया। जानकारी के अनुसार नपा अधिकारियों को शिकायतें मिल रही थी कि लोगों ने पार्किंग स्थल पर भी अवैध कब्जे कर लिए हैं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच वाहनों को खड़ा करने के लिए बनाई गई पार्किंग में कूड़े के ढेर लगे भी पाए, जिनको लेकर दुकानदारों ने कब्जा खाली करवाने आए नपा कर्मचारियों पर अपना गुस्सा उतारा और कहा कि वे कब्जे तो खाली करवाने आ गए हैं परंतु यह कूड़ा कौन उठाएगा। इस बीच कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि सिनेमा रोड पर भी भारी मात्रा में सामान रखा हुआ है और वहां भी वाहन खड़ा करने के लिए कोई जगह नहीं है।

### कई बाद दे चुके चेतावनी

नपा सचिव राजेश शर्मा ने बताया कि दुकानदारों को कई बार चेतावनी दी है परंतु मानते ही नहीं, जिसके चलते अब उनके खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ रही है। बताया कि जानकारी से अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है और अगली कार्रवाई उनके आदेश के बाद की जाएगी।

### प्लॉट की सौदेबाजी कर पांच लाख रुपये हडपे

**जींद।** श्याम नगर में प्लाट की सौदेबाजी कर पांच लाख रुपये हडपने तथा रजिस्ट्री करवाने से मना करने पर शहर थाना पुलिस ने प्रोपर्टी डीलर समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

श्याम नगर निवासी शीला देवी ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह प्लाट लेने की इच्छुक थी। जिसके चलते उसकी मुलाकात पटियाला चौक के प्रोपर्टी डीलर जसबीर मदान से हुई। उसने वेद नगर निवासी संजीव से मिलवाया। जिसने श्याम नगर में 200 वर्ग गज प्लाट का मालिक बताया। जिसके चलते पांच लाख रुपये मे प्लाट का सौदा तय हो गया। 24 अप्रैल 2018 को तीन लाख 30 हजार रुपये नगदी तथा चैकों के माध्यम से गवाह की मौजूदगी में राशि का भुगतान कर दिया। आरोपित कोई न कोई बहाना बना कर आरोपित रजिस्ट्री से टरकाते रहे। जब उसने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि संजीव प्लाट का मालिक नही है और ना ही कोई मौके पर प्लाट है।

## बूंदाबांदी ने बढ़ाई किसानों की चिंता

■ खेतों में तैयार खड़ा है पीला सोना सरसों की मंडियों मे हो रही आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

मौसम के बिगड़े तेवरों के चलते जिले में बीती रात बूंदाबांदी से किसानों ने करवटें बदल कर आंखों में काटी। वीरवार को दिन में राहत मिली तो शाम को फिर से आकाश में छाए बादल फसलो पर खतरा बन कर मंडराने लगे। बादलो के आकाश मे जमावडे.ने किसानों की चिंता को बढा दिया। किसानों का लगातार भय सताता रहा कि कहीं मौसम के बदले तेवर उनकी तैयार फसलों को चौपट न कर दें। वीरवार को अधितक तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम मे आर्दता 25 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में बादलों के छाने से बूदांबांदी के आसार बने रहे। बुधवार को दिनभर मौसम में उतार-चढाव बना रहा। देर शाम को आकाश में बादल छा गए। देर रात को हलकी बूंदाबांदी हुई और हवा भी काफी तेज रही। वीरवार को दिन आगाज आंशिक बादलवाई के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ हो गया ओर मिजाज भी गर्म होने लगा। रात को बूंदाबांदी के कारण न्यूनतम तापमान मे एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।


जींद। आसमान में छाए बादल। फोटो :हरिभूमि

## दो होटल सील और चार को थमाया नोटिस
### नप ने बिना अनुमति चलाए जा रहे होटलों पर की छापेमारी

■ संचालकों में भगदड़, कई होटल बंद करके रफू चक्कर हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद की टीम द्वारा वीरवार को शहर में बिना नक्शा पास व अन्य अनुमति के चलाए जा रहे होटलों पर छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान शहर के सभी होटल संचालकों में भगदड़ मच गई तथा दर्जनों होटल संचालक होटलों को बंद कर रफू चक्कर हो गए। अभियान का नेतृत्व नपा के कार्यकारी अभियंता रवि ओबराय ने किया। कार्रवाई के तहत नपा अधिकारियों ने शहर में दो होटलों को सील किया। जबकि अन्य चार होटलों को नोटिस दिया है। बता दें कि शहर में 30 से अधिक होटल चलाए जा रहे हैं जबकि नक्शा मात्र 15 ने ही पास करवाया है। बिना नक्शा पास करवाने वाले होटल संचालकों को ही कुछ समय पहले नोटिस दिया गया था। इस नोटिस के बाद भी नगर परिषद को कोई जवाब होटल संचालकों की ओर से नहीं दिया गया तो परिषद ने कार्रवाई कर दी। इस कार्रवाई के बाद शहर के होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान दो से तीन होटल मालिक तो अपने होटलों को ताला लगाकर गायब हुए। ऐसे में विभाग द्वारा इन होटल संचालकों को 6 घंटे का नोटिस दिया गया है। शुक्रवार को यह कार्रवाई फिर से जारी रहेगी।



कैथल। नगर परिषद की टीम होटलों की जांच करते व होटलों को सील लगाते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### स्वास्थ्य नियमों को कर रहे दरकिनार

गौरतलब है कि शहर के मुख्य मार्गों पर नप से भवन का नक्शा पास करवाए बिना ही होटल चलाए जा रहे हैं। यह शहर के बीचों-बीच स्थित हैं, लेकिन इन होटलों में न तो फायर फाइटिंग सिस्टम लगा है और न ही अन्य नियमों का पालन होटल संचालकों की ओर से किया जा रहा था। ऐसे में नगर परिषद ने 29 फरवरी और 19 मार्च को संबंधित होटल मालिकों को नोटिस दिया था। इसके बावजूद होटल मालिकों ने न तो नक्शा पास करवाया और न अन्य कमियों को दूर किया।



### रिश्तेदार का एजेंट बनकर छह लाख रुपये का चूना

■ कनाडा की पक्की नागरिकता दिलाने का दिया था झांसा

**जींद।** कनाडा मे रह रहे रिश्तेदार का एजेंट बन पक्की नागरिकता का झांसा दे छह लाख का चूना लगाने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निम्नाबाद निवासी कुलविंद्र ने साइबर थाना को दी शिकायत मे बताया की उसके ससुर गांव खतौली जिला पटियाला पंजाब निवासी गुरूचरण सिंह ने फोन पर बताया था कि उसकी साली का लड़का जुझार सिह कनाडा में रह रहा है। वहां की पक्की नागरिकता के लिए उसे छह लाख की जरूरत है। उसके ससुर गुरूचरण ने उसका नंबर दे दिया। कुछ समय के बाद व्हाट्सअप कॉल आई और बताया कि वह जुझार सिंह का एजेंट बोल रहा है। जिसे पक्की नागरिकता के लिए छह लाख रुपये की जरूरत है। राशि को पीएनबी के दिए गए खाते में डाल दो। जिस पर उसने दिए गए खाते में छह लाख रुपये डाल दिए। कुछ समय के बाद पता चला की किसी व्यक्ति ने रिश्तेदार का एजेंट बन कर छह लाख रुपये की राशि को हडप लिया। जिस नबर से उसके ससुर के पास काल आई उसका कोड कनाडा का था। जिस नंबर से काल आई उसका कोड भारतीय था। साइबर थाना पुलिस ने कुलविद्र की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

In Loving Memory of

With profound grief and sorrow we regret to inform the sad demise of our beloved mother
**Smt. Sumitra (Sao) Bhardwaj**
(W/o Shri Inder Singh Bhardwaj)
Who left for her heavenly abode on
**Wednesday, 27th March 2024**
**Brahm Bhoj - 12:00 Noon**
**Prarthana Sabha : 2:00 PM to 3:00 PM**
**on Sunday, 7th April 2024**
At Brahman Dharmshala, Jind, Haryana.
**In Grief**
**Son & Daughter in Law**
Rajesh & Poonam Bhardwaj
Deepak & Saroj Bhardwaj
**Grand Children**
Urvashi, Krishna, Keshav & Arjun
Indsao
&
**All Gokal Family Members**
Mob. : 9810017480
9650060480, 9718303600

## खबर संक्षेप

### तीन नपा पार्षद हुए भाजपा में शामिल

**उचाना।** भाजपा को शहर में मजबूती मिली। तीन नपा पार्षद भाजपा में शामिल हुए। वार्ड नंबर सात के पार्षद कपिल जोगी बीते दिनों जेजेपी में शामिल हुए। दीपक जैन कांग्रेस समर्थक है तो सतीश जांगड़ा समाजसेवी है। तीनों पार्षदों ने भाजपा का दामन थामा। सतीश जांगड़ा ने बताया कि 30 मार्च को उचाना में सीएम नायब सिंह सैनी की जनसभा में वो भाजपा में शामिल हुए।

### युवा 26 तक वोट बनवाने के लिए करें आवेदन

**जींद।** जींद विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी राकेश सैनी ने नागरिकों से अपील की है कि 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज करवाएं। मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने की प्रक्रिया 26 अप्रैल तक चालू रहेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति 26 अप्रैल तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए बीएलओ में आवेदन करें।

### सात अप्रैल को होगा समिति का चुनाव

**जींद।** संस्था कुम्हार संगठन हरियाणा सभा के कार्यकर्ताओं की बैठक कुम्हार धर्मशाला में संस्थापक प्रधान महेंद्रपाल बंसीवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य कार्यकारिणी के सदस्यों की समिति का चुनाव सात अप्रैल को चुनाव किया जाएगा। समाज जोड़ो मुहिम साइकिल यात्रा संस्थापक प्रधान महेंद्रपाल बंसीवाल ने एक अप्रैल से शुरू की गई थी।

### किशोरी से अश्लील हरकत, मामला दर्ज

**जींद ।** सदर थाना नरवाना इलाके में पडोस में खेलने गई दिव्यांग किशोरी के साथ पडोसी द्वारा अश् का मामला सामने आया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने किशोरी की मां की शिकायत पर पडोसी के खिलाफ अश् समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संजय सिंह की जमानत से सच की जीत : पवन

**उचाना।** आम आदमी पार्टी हिसार लोकसभाध्यक्ष पवन फौजी ने राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की जमानत पर कहा कि कोर्ट में सच की जीत हुई है तो तानाशाह को करारी शिकस्त मिली है। धीरे-धीरे आम आदमी पार्टी के सभी शीर्ष नेता जल्द जेल से बाहर होंगे। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है वो दर्शाता है कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में खुद की संभावित हार का डर है।

### युवा अवस्था से जरूरी है निष्काम सेवा

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि बहुत से लोग सोचते हैं कि पहले वे अपने घर गृहस्थी के जरूरी काम पूरे कर लें, उसके बाद परमात्मा के संसार की निष्काम सेवा करेंगे लेकिन ऐसे लोगों की एक इच्छा पूरी होती है कि उनके सामने उससे भी जरूरी और इच्छा आकर खड़ी हो जाती है।

### जींदः दो युवतियां लापता अज्ञात के खिलाफ केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। डिडवाडा निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में बताया कि कि बीती रात उसकी 24 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं जुलाना निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया कि गत 28 मार्च को उसकी 18 वर्षीय बहन घर से लापता हो गई।

### पूर्व सैनिकों की मासिक सभा का आयोजन कल

**जींद।** छह अप्रैल शनिवार को सुबह 10 बजे गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में पूर्व सैनिकों और उनके परिवार जनों की मासिक सभा का आयोजन होगा। कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि कल्याणकारी योजनाएं, पेंशन विसंगतियां, ईसीएचएस अस्पताल, सीएसडी कैंटीन, व अन्य संबंधित मसलों पर विचार-विमर्श किया।

---

### अपना-अपना कब्जा जमाने के लिए आढ़तियों ने डाला पुराना गेहूं

# सफीदोंः अनाज मंडी में कॉमन फड़ पर आढ़तियों में कब्जा करने की लगी होड़

**कमेटी सचिव ने आढ़तियों को दिए पत्र लिख कर गेहूं उठवाने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

प्रदेश की अनाज मंडियों में भले ही सरकार ने एक अप्रैल से गेहूं की खरीद करने के आदेश दिए गए हैं लेकिन इस बार गेहूं की फसल की पकाई व मंडियों में अपेक्षाकृत लेट हैं लेकिन सफीदों की अनाज मंडी में आढ़तियों के द्वारा मंडी में बने शैड़ों के नीचे कॉमन फड़ों पर पुराने गेहूं लाकर वहां पर फैला कर कब्जा करना शुरू कर दिया है ताकि जैसे ही फसल आनी शुरू हो और वे उस गेहूं को इस स्थान पर डलवा सकें। मंडी में कॉमन फड़ की यह कब्जा कार्रवाई काफी चर्चा का विषय बनी हुई है। व्यवस्था यह होती है कि कॉमन फड़ पर कोई भी आढ़ती कहीं पर भी किसान की फसल डलवा सकता है लेकिन इसके उलट मंडी में आढ़तियों ने अपनी-अपनी दुकानों के आगे पुराने गेहूं कहीं से लाकर डालना शुरू कर दिया और उस गेहूं को दुकानों के सामने कॉमन फड़ पर पतला-पतला फैला दिया है ताकि उनका कब्जा बरकरार रहे। यह काम वे आढ़ती कर रहे हैं जिनके पास किसानों की फसल अधिक आती है और उनको लगता है कि कहीं उनको फसल डालने में परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस काम से छोटे आढ़ती को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि कॉमन फड़ों पर तो बड़े आढ़तियों ने पहले ही कब्जा कर लिया है और जब उनकी फसल आएगी तो वे कहां पर उस फसल को डालेंगे।





जींद। सफीदों अनाज मंडी में आढ़तियों के द्वारा फैलाया गेहूं। फोटो :हरिभूमि

#### उठा लेने का आश्वासन

मार्केट कमेटी सचिव अनिल शर्मा का कहना है कि मंडी में आढ़तियों को पत्र लिखा गया है। आढ़तियों ने उन्हे इस फैलाए गए गेंहू को जल्द ही उठा लेने का आश्वासन दिया है।

#### मंडी में अभी तक केवल एक ही ट्रॉली गेहूं की पहुंची है

सफीदों मंडी में गेंहू आवक की बोहनी हो चुकी है और अभी तक मंडी में गेंहू की एक ट्रॉली आई है लेकिन वह नमी के कारण बिक नहीं पाई है। मंडी सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि मंडी में एक ट्रॉली गेंहू आ आया है और नमी के कारण नहीं बिकी है। धीरे-धीरे मंडी में गेहूं की आवक गति पकड़ने वाली है।

#### शर्तों के अनुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

इस संबंध में मार्केट कमेटी सचिव ने आढ़तियों को दिए पत्र लिखकर यह गेहूं उठवाने के निर्देश जारी किए है। पत्र में सचिव ने निर्देश दिए हैं कि आढ़तियों के द्वारा नई अनाज मंडी में फड़ पर कब्जा करने की मंशा से पुराने गेहूं फड़ पर फैलाए गए हैं। ऐसा करके वे एचएपीएम एक्ट-1961 की धारा-10 के अंतर्गत वर्णित लाईसेंस की शर्तों की अवहेलना कर रहे हैं। इसलिए वे फैलाए गए गेहूं को जल्द से जल्द उठवा कर फड़ों को खाली करें अन्यथा उनके खिलाफ एचएपीएम एक्ट-1961 की धारा-10 के अंतर्गत वर्णित लाईसेंस की शर्तों के अनुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

---

# जसबीर बने पर्यावरण संरक्षण के सहप्रमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जसबीर सैनी

- जसबीर सैनी तीन बार शहरी मंडल अध्यक्ष और भाजपा संगठन में अनेक पदों पर काम करने वाले पदाधिकारी है

भारतीय जनता पार्टी शहरी मंडल के तीन बार मंडल अध्यक्ष रहे जसबीर सैनी को प्रदेश भाजपा संगठन ने पर्यावरण संरक्षण विभाग का सहप्रमुख बनाया है। जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी, विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, प्रदेश संगठन मंत्री पवन सैनी व जिलाध्यक्ष राजकुमार राजू मोर व प्रदेश संगठन का धन्यवाद किया और कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसे वे निष्ठापूर्वक निभाएंगें।

जसबीर सैनी तीन बार शहरी मंडल अध्यक्ष और भाजपा संगठन में अनेक पदों पर काम करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता एवं युवा मित्र मंडल में कार्यकारिणी सदस्य एवं कई सामाजिक संस्थाओं में पदाधिकारी है। जतीन बार शहरी मंडल भाजपा के अध्यक्ष रह चुके जसबीर सैनी भाजपा संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके है। इसके इलावा जसबीर सैनी शहर की कई सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं से जुडे.हुए हैं। जरूरतमंद परिवारों की लड़कियों की सामूहिक विवाह रचाने वाली संस्था युवा मित्र मंडल कार्यकारिणी सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि जो कार्य पार्टी तथा संगठन ने सौंपा है। उस पर शिद्दत के साथ कार्य करेंगे ओर पार्टी तथा सगठन की उम्मीदो पर खरा उतरेंगे।

### गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना कमेटी के प्रधान बने सुरेंद्र जैन



नवनियुक्त प्रधान सुरेंद्र जैन

**उचाना।** गीता विद्या मंदिर उचाना मंडी में गीता विद्या मंदिर प्रबंधन कमेटी की आम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रधान सतपाल गोयल द्वारा की गई। निजी कारणों के चलते प्रधान द्वारा अपने पद से इस्तीफा दिया। सर्वसम्मति से प्रमुख समाज सेवी सुरेंद्र जैन को प्रधान मनोनित किया गया। सतपाल गोयल को उप प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। सतपाल गोयल ने कहा कि निजी कारणों के चलते वो स्कूल कमेटी को अपना समय नहीं दे सकते है ऐसे में अपने पद से इस्तीफा देते है। नरेंद्र गोयल सह सचिव की जगह रामनिवास बुडायन को सह सचिव की जिम्मेदारी दी गई। सुरेंद्र जैन ने कहा कि गीता विद्या मंदिर स्कूल शहर का सबसे पहला पुराना शिक्षण संस्थान है। जो जिम्मेदारी दी गई है उसे निष्ठा से निभाने का काम करेंगे। शिक्षा के मामले में स्कूल को सभी के सहयोग से आगे लेकर जाएंगे। आरके गोयल ने कहा कि गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी की शिक्षा के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में अलग पहचान है। यहां के विद्यार्थी लगातार कई सालों से 10वीं कक्षा में प्रदेश में नंबर वन पर आ रहे है। शहर का सबसे पुराना शिक्षण संस्थान निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आगे निकल रहा है। इस मौके पर समिति के आजीवन सदस्य मौजूद रहे।

---

# सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

- अनाजमंडी में आढ़तियों का धरना लगातार चौथे दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना




जुलाना। अनाजमंडी में आढ़तियों का धरने पर नारेबाजी करते आढ़ती।

अनाजमंडी में मांगों को लेकर आढ़तियों ने धरना दिया। धरने की अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान कैलाश सिंगला ने की। धरन में आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। आढ़तियों को संबोधित करते हुए कैलाश सिंगला ने कहा कि सरकार आढ़तियों के साथ अन्याय कर रही है। लगातार आढ़ृतियों का कमीशन घटाकर आढ़तियों के हितों के साथ कुठाराघात किया जा रहा है। सरकार जिस फसल को एमएसपी पर खरीद रही है वो आढ़ती के माध्यम से खरीदारी की जाए। आढ़तियों की मांग है कि पुराने तरीके से ही आढ़तियों को कमशीन दिया जाए। जब तक उनकी मांगों को नही माना जाता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर बलबीर बलहारा, सतीश, जसवंत, विक्रम मलिक, राममेहर, सतीश, संजय आदि मौजूद रहे।

### बीमा कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाए सरकार

**जींद।** देव हिंदू मंच के राष्ट्रीयध्यक्ष दलजीत मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पोर्टल से किसानों को लाभ की बजाए नुकसान 'यादा है। हरियाणा में सबसे 'यादा नुकसान जींद जिले में हुआ है। जब किसान पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा कर मुआवजा प्राप्त करनें अधिकारियों के समक्ष जाते हैं तो अधिकारी ये बाते कह कर टाल मटोल कर देते है कि आपकी फसल में 70 प्रतिशत से कम है। बीमा कंपनी इसका लाभ उसको देती है, जिसका नुकसान 70 प्रतिशत से अधिक हो। जबकि किसान के न चाहते हुए भी बीमा कंपनी जबदस्ती किसानों का बीमा कर देती है। उसके बावजूद किसान को समय पर इसका लाभ नही मिलता और केवल हताशा ही हाथ लगती है। दलजीत मलिक ने कहा कि हमारी बीमा कंपनियों व केंद्र सरकार से मांग है कि किसान की फसल चाहे 10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत खराब हो, उसको उसी हिसाब से उतना ही मुआवजा दिया जाना चाहिए। 70 प्रतिशत फसल खराबे की बात बेमानी है। इससे किसान का मनोबल टूटता है।

# एसडीएम ने किया अनाजमंडी का दौरा

- मौके पर मौजूद किसानो से उनकी समस्याओ के बारे में चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। नई अनाजमंडी का दौरा करते उपमंडल अधिकारी अजय कुमार।

जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी का उपमंडल अधिकारी ने दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीरवार को जुलाना की अनाजमंडी का उपमंडल अधिकारी अजय कुमार ने दौरा किया। उनके द्वारा खरीद एजेंसी हेफेड द्वारा एमएसपी पर खरीदी जा रही सरसो खरीद का निरीक्षण किया। उपमंडल अधिकारी द्वारा मौके पर मौजूद किसानो से उनकी समस्याओ के बारे में चर्चा की। निरीक्षण के उन्होंने मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध मुलभुत सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा सभी मुलभुत सुविधाएं दुरुस्त पायी गयी। इस मौके पर मार्केट कमेटी जुलाना सचिव रामजी लाल ए सहायक सचिव सिकंदर सांगवान, मंडी सुपरवाइजर सुरेंद्र कुमार तथा हेफेड खरीद एजेंसी के खरीदार राजेश आदि मौजूद रहे।

---



जींद। रक्त के सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### पानी ठहरेगा जहां, मच्छर पनपेगा वहां : भारद्वाज

**जींद।** गांव बेलरखां में एमपीएचडब्ल्यू प्रदीप भारद्वाज की अगुवाई में स्वास्थ्य टीम द्वारा एंटी लारवा अभियान चलाया गया। एंटी लारवा एक्टिविटी के दौरान चोपड़ा पट्टी में घर-घर जाकर मलेरिया, डेंगू बुखार संबंधित जानकारियां दी गई व घरों में जितने भी खुले बर्तन है जैसे ड्रम, टंकी, पशुओं की होदी को चेक किया गया। घर-घर संपर्क के दौरान बुखार के मरीजों की रक्त पट्टीकाएं बनाई गई। भारद्वाज ने बताया कि मादा एनाफ्लीज मच्छर के काटने से मलेरिया बुखार होता है तथा एडीज मच्छर के काटने से डेंगू बुखार होता है। सभी तरह के मच्छर पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी को एक सप्ताह के अंदर अवश्य खाली करें। यदि घर के आसपास गड्ढा है जिसमें पानी इकट्ठा हुआ हो हर सप्ताह उस में काला तेल या मिट्टी का तेल अवश्य डालें ताकि लार्वा को नष्ट किया जा सके। मलेरिया का मच्छर गंदे पानी में पनपता है जबकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। सर्दी के साथ तेज बुखार होना, सिर के अगले हिस्से में दर्द, चक्कर आना, जी मिचलाना, तीसरे दिन बुखार होना, पसीने के साथ बुखार उतरना मलेरिया बुखार के लक्षण है। बहुत तेज बुखार होना, जोड़ों में दर्द, बुखार के साथ पेट में दर्द, उल्टी आदि डेंगू बुखार के लक्षण है।

# चित्र निर्माण में यशिका प्रथम

- केएम राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

केएम राजकीय कालेज नरवाना द्वारा मेरा पहला मत राष्ट्रहित में मतदान जागृति के लिए चित्र निर्माण, प्रस्ताव एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को प्रथम बार मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए भारतीय लोकतंत्र के आधार स्तंभ मतदाताओं को योग्य, समर्थ, ईमानदार और राष्ट्र भक्त उम्मीदवारों के चयन में निस्वार्थ एवं निर्लेप भाव से मतदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम संचालक जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि भारत में आदिकाल से जनता जनार्दन के द्वारा राजा एवं राज तंत्रिका प्रणाली चुनने का गणतंत्रीय परंपरा एवं सिद्धांत रहा है। भारतीय राज्यव्यवस्था में महाराजा मनुष्य लेकर महाभारत पर्यंत कुलगुरु, राजगुरुए राज्यसभा एवं जनता के द्वारा सुयोग्य, सत्यनिष्ठ, प्रबुद्ध, कृतज्ञ, वीर एत्यागी, तपस्वी,पुरुषार्थी, ओजस्वी, पराक्रमी राजा चुनने का वैदिक विधान रहा है। जयपाल सिंह आर्य एवं मुकेश कुमारी ने छात्रों को मेरा पहला मत राष्ट्रहित में मतदान करने के लिए प्रतिज्ञा भी दिलवाई है। प्रस्ताव लेखन चित्र निर्माण एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं में 35 छात्रों ने भाग लिया। चित्र निर्माण में यशिका ने प्रथम, काजल द्वितीय, निधि तृतीय स्थान पर रही।



जींद। सफीदों में जनसंपर्क अभियान चलाए हुए कैप्टन योगेश यादव।

### योगेश ने बताई भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियां

**जींद।** भाजपा खेल प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक कैप्टन योगेश कुमार ने सफीदों के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने बीजेपी के द्वारा किए गए कायोंर् को ग्रामीण वासियों को बताया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार भी मोदी सरकार आ रही है। अबकी बार बीजेपी 400 से 'यादा सीट लेगी और इसी प्रकार सभी मिल कर नरेंद्र मोदी को और मजबूत करें। गांव-गांव जाकर में मोदी को मजबूत करने का कार्य करता रहेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी पार्टी जो भी जिम्मेवारी उनकी लगाएगी, उस जिम्मेवारी के लिए पूर्ण रूप से तैयार रहूंगा। लोकसभा में बीजेपी के प्रत्याशी मोहन बडोली एक तरफा जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करेंगे। इस दौरान कैप्टन योगेश ने गांव में डोर टू डोर जाकर बीजेपी के लिए वोट मांगे और उन्होंने कहा चुनाव का समय है और भाजपा को मजबूत बनाएं। कैप्टन योगेश यादव ने रायखेड़ा, बहादुरगढ़, सिलाखेड़ी, भंभेवा, लुदाना में पंडित मोहनलाल बडौली के नेतृत्व में दौरा किया। उनके साथ रामपत, दलबीर, स'जन, पवन मान, श्याम गु'जर, सरपंच अर्जुन, हरकेश, सुंदर, कुलदीप, मनीष, श्याम लाल, परमा आदि मौजूद रहे।

---

### नागरिक अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया

# लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

- सांप्रदायिकता और जातिवाद से ऊपर उठ देश के विकास की सोच रखते मतदान करना बहुत जरूरी : डा. भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नागरिक अस्पताल में अधिक से अधिक मतदान को लेकर शपथ दिलाते स्वास्थ्य अधिकारी।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में वीरवार को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का दिशा-निर्देशन सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने किया जबकि पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. अरविंद ने कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों व आमजन को मतदान की महत्ता व मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सुपरवाइजर हरदीप, नर्सिंग ऑफिसर इंद्रो, सुनीता दूहन, सुनीता खटकड़, सुमन, मूर्ति मौजूद रहे। पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान ने कहा कि युवाओं को 18 वर्ष की आयु पूरा करते ही अपना वोट बनवा कर मतदाता सूचियों में अपना नाम दर्ज करवाना चाहिए और मतदान के दिन सोच-समझ कर अपना वोट डालना चाहिए ताकि हम इच्छा अनुसार व्यक्ति का चुनाव कर सकें। इस दौरान मतदान कर और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ भी ग्रहण करवाई गई।

#### योग्य उम्मीदवार को अपनी वोट देनी चाहिए

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति मतदाता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव बनाता है तो उसकी शिकायत भी की जा सकती है। हमें चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और निष्पक्ष रूप से मतदान करके जनप्रतिनिधियों को चुनना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है वह अपनी वोट बनवा सकते हैं और मतदान कर सकते हैं। जाति, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठ कर ही किसी योग्य उम्मीदवार को अपनी वोट देनी चाहिए। सांप्रदायिकता और जातिवाद से ऊपर उठ कर देश के विकास की सोच रखते हुए मतदान करना चाहिए। डा. भोला ने कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि सभी को अपने मतदान के प्रति जागरूक रहना चाहिए।




जींद। मतदान के लिए प्रेरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में एनएसएस व एनसीसी कैंप का आयोजित किया गया। कैंप का शुभारंभ प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह द्वारा किया गया तथा विद्यार्थियों को रक्तदान की महत्ता से अवगत करवाया गया। मेडिकल ऑफिसर डा. सुप्रिया द्वारा आम जीवन में रक्तदान के महत्व व उसकी उपयोगिता के बारे में विद्यार्थियों का प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अजमेर सिंह गोयत, विनोद व अन्य छात्रों ने रक्तदान किया। इस मौके पर डा. रविंद्र कुमार, डा. अजमेर सिंह, डा. राममेहर सिंह, डा. राजपाल सिंह, डा. मीनाक्षी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### समाजसेवी संस्था ने बचाई एक गोवंश की जान

**गुहला-चीका।** सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था के सदस्यों ने यहां एक सडक किनारे तडफती गाय को बचाकर ना केवल पुण्य प्राप्त किया है अलबत्ता अपने सामाजिक दायित्व को भी निभाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था के सदस्यों को सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली थी कि पिहोवा रोड पर एक घायल गाय मृत्यु के कगार पर है और तडफ रही है तो संस्था के सदस्यों ने तुरंत संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर उसे गौशाला में लाए और उसका इलाज किया, जिसके चलते उक्त गाय की जान बच सकी।

### सरस्वती मंदिर धाम में भंडारे का आयोजन 7 को

**सीवन।** खंड सीवन के गांव पोलड़ में सरस्वती नदी के किनारे स्थित मां सरस्वती मन्दिर धाम में 7 अप्रैल को विशाल मेले व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए मन्दिर के महंत देवी दास ने बताया कि हर वर्ष माता सरस्वती के मन्दिर में मेले और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मन्दिर की बहुत मान्यता है और दूर दूर से श्रद्धालु मन्दिर में पहुंच का माथा टेकते हैं और अपनी मुराद मांगते हैं। सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। उन्होंने क्षेत्र निवासियों से अपील की कि वह इस मेले और भंडारे में पहुंचे और माता का आर्शीवाद प्राप्त करें।

### वोट बनवाने के लिए होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने बताया कि युवा मतदाताओं को वोट बनवाने व मतदान करने हेतू जागरूक करने के लिए 5 अप्रैल को सुबह 11 बजे इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 8 अप्रैल को दोपहर 12 बजे आरकेएसडी कॉलेज में युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित होगा। इन कार्यक्रमों में अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप नोडल अधिकारी सी.जया श्रद्धा शिरकत करेंगी।

### भाविप परिवार मिलन समारोह सात को

**गुहला-चीका।** भारत विकास परिषद शाखा चीका का पुण्य दायित्व ग्रहण व परिवार मिलन समारोह का आयोजन सात अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। चानना पैलेस चीका में आयोजित इस समारोह में प्रमुख समाजसेवी मुकेश कुमार गोयल लक्ष्मी फूड वाले बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे व अध्यक्षता कपिल गुप्ता प्रांतीय महासचिव भाविप हरियाणा उत्तर करेंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 15 को

**कैथल।** राजकीय आदर्श संस्कृत वमावि पुंडरी में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय क्रेडिट कोर और जूनियर रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर 15 को आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य धर्म सिंह ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है जिसके माध्यम से हम किसी बीमार व्यक्ति की सहायता कर पुण्य के भागी बन सकते हैं।

## फसल खरीद प्रक्रिया में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

# सभी नोडल अधिकारी अलर्ट मोड पर रहकर करें कार्यः डीसी

■ मंडियों में दौरा कर सभी व्यवस्था का जायजा लें और कहीं पर कोई मिले तो उसे समयबद्ध दुरुस्त करवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया है। ये सभी नोडल अधिकारी अलर्ट मोड पर कार्य करें। मंडियों में दौरा कर सभी व्यवस्था का जायजा लें और कहीं पर कोई कमी पाई जाती है तो उसे समयबद्ध दुरूस्त करवाएं। यदि कोई अधिकारी व कर्मचारी फसल खरीद प्रक्रिया में लापरवाही बरतता पाया जाता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी प्रशांत पंवार वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में रबी सीजन के प्रबंधों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। जिला में रबी की फसल खरीद हेतू 43 मंडियां एवं परचेज सैंटर बनाए गए हैं। जिला में अब तक सरसों की 635 मीट्रिक टन खरीद की जा चुकी है, हालांकि अभी तक गेहूं की कोई भी आवक मंडी में नहीं हुई है। उम्मीद है कि आने वाले कुछ दिनों में गेहूं की आवक शुरू हो जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को गेट पास को लेकर कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। इसके लिए पर्याप्त संख्या में ऑपरेटर को तैनात किया जाए। डीसी ने किसान व मजदूर को पूरी सुविधा मिलनी चाहिए। मंडियों व खरीद केंद्रों में पीने के पानी, बिजली की व्यवस्था, झरने, तिरपालों आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। प्रत्येक स्थान पर नमी मापक मीटर पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए। सभी खरीद एजैंसियां प्रतिदिन खरीद व उठान की रिपोर्ट जमा करवाना सुनिश्चित करें। अधिकारी इस पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि सोलूमाजरा गांव के नजदीक बने साईलो के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को गेहूं बेचने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। पीने के पानी की अतिरिक्त व्यवस्था की जाए। उन्होंने साईलो के अंदर व बाहर कम से कम 40 कैमरे लगाने के निर्देश दिए। टोकन में कोई भी लापरवाही नहीं बरती जाए और एक सिस्टम अनुसार ही किसानों की फसल की खरीद की जाए और सड़कों पर जाम जैसी स्थिति न बनें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी मंडियों में कानून व्यवस्था व यातायात का आवागमन सही प्रकार से हो। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी परचेज एजैंसियों, ट्रांसपोर्ट एवं पुलिस विभाग से तालमेल बनाते हुए मंडियों में खरीद व्यवस्था को सुचारू बनाएं। एडीसी सी.जया श्रद्धा, डीएमसी सुशील कुमार, एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, कृष्ण कुमार, सत्यवान सिंह मान, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीडीपीओ कंवर दमन, डीएसपी उमेद सिंह, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक निशांत राठी मौजूद रहे।




**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राजौंद अनाज मंडी में 218 क्विंटल सरसों की खरीद की



**राजौंद।** राजौंद अनाज मंडी में गुरुवार तक 218 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। गुरूवार को भी खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा खरीद की गई। मार्केट कमेटी सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि राजौंद अनाज मंडी में सरसों की खरीद का कार्य संचारू रूप से चल रहा है। पहले दिन 64 किवंटल सरसों आई है और सारी ही खरीद ली गई थी। गुरूवार तक 218 कुंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सरकारी रेट 5650 रुपए प्रति क्विंटल की खरीद की जा रही है और 8 प्रतिशत मोचर तक ही सरसों की खरीद की जाएगी और 25 किवंटल तक प्रतिदिन एक किसान की सरसों की खरीद होगी। उन्होंने किसानों से आवाह्नान किया है कि वह सरसों की फसल को सुखाकर लाएं ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी खरीद के समय न आए। मार्केट कमेटी सचिव ने बताया कि खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं 1अप्रैल से गेहूं की खरीद का कार्य शुरू हो चुका है। लेकिन अभी गेहूं की फसल लेट होने के कारण अभी 5.7 दिन तक शायद गेहूं मंडी में नहीं आ पाएगी। फिर भी मंडी में सभी खरीद की तैयारीयां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान मंडी एसोसिएशन के प्रधान महीपाल राणा, भीम शर्मा सहित कई किसान व मंडी का स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**पूंडरी।** मंडी में सरसों की ढेरी को साफ करते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

## पूंडरी मंडी में नमी बताकर सरसों की खरीद से किया इंकार, किसान दुःखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

पूंडरी अनाज मंडी में सरसों की आवक जोरों पर है। इस समय मंडी में आसपास के गांव के किसान सरसों की फसल लेकर आ रहे है। मंडी में लगभग 400 क्विंटल की आवक है। अब तक खरीद एजेंसी हैफेड अढ़ाई हजार क्विंटल सरसों समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद कर चुकी है। सरसों लेकर आ रहे कई किसानों में इस बात को लेकर रोष है कि मामूली नमी होने पर एजेंसी के खरीद अधिकारियों द्वारा ढेरी खरीदने से मना कर दी जाती है, जो कि सीधे लगभग 1 हजार रुपए कम 4600 से 4700 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकती है। जिससे किसान को प्रति एकड़ लगभग आठ व 9 हजार रुपए का नुकसान होता है। किसान लखीराम, प्रदीप कुमार, सुशील कुमार, नफेसिंह व रामदिया ने बताया कि वे पुरी तरह सुखाकर और पकाकर सरसों लाए थे, लेकिन नमी बताकर उनकी सरसों खरीद करने से मना कर दिया गया, जिसे अब पराइवेट व्यापारी 4800 रुपए प्रति क्विंटल तक भाव लगा रहे है। किसानों से सरसों एजेंसी सीधे तौर पर बगैर आढ़तियों के खरीद कर रही है।

### अपनी फसल सुखाकर लाएं

सरकार की हिदायत के अनुसार एजेंसी 8 प्रतिशत नमी वाली ढेरी ही खरीद कर सकती है। इसलिए किसानों को बार-बार कहा जाता है कि वे अपनी फसल पुरी तरह पकाकर व सुखाकर लेकर आए। म्योश्चर मीटर के साथ हर ढेरी की नमी जांची जाती है। सरकार के मापदंडों के अनुसार आने वाली हर ढेरी खरीद की जाती है। जो नमीयुक्त होती है, उसे सुखाने के लिए कहा जाता है। नमी सूखने के बाद उसे भी समर्थन मूल्य में खरीद कर लिया जाता है। **- सुखदीप कल्याण, मैनेजर हैफेड पूंडरी।**

## प्रतियोगिता में कोमल प्रथम, रितु दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

■ विभिन्न पोस्टर के माध्यम से ओजोन क्षरण किन कारणों से हो रहा है, को विस्तृत रूप से दर्शाया गया

आरकेएसडी महाविद्यालय के सांयकालीन सत्र के भूगोल विभाग द्वारा ओजोन परत क्षरण पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न पोस्टर के माध्यम से ओजोन क्षरण किन कारणों से हो रहा है, को विस्तृत रूप से दर्शाया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल (बी.ए तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान रितु (बी.ए तृतीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान अंकिता (बी.ए तृतीय वर्ष) ने प्राप्त कियाक सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. अंकित गर्ग तथा डॉ. कुसुम लता ने निभाई। इस अवसर पर सांयकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ. हरिंदर गुप्ता ने भूगोल विभाग की अध्यक्षा डॉ. संयोगिता शर्मा को कार्यक्रम करवाने पर बधाई दी और कहा कि ओजोन परत हमारी पृथ्वी का सुरक्षा कवच है, जो कि पृथ्वी पर सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को आने से रोकती है। अगर पराबैंगनी किरणे सीधी पृथ्वी पर पड़े तो धरातल पर जीवन के लिए खतरा बन सकती है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. संयोगिता शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण द्वारा हम वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं, आधुनिक उपकरण का अनावश्यक प्रयोग नहीं करना चाहिए ताकि हम इन पराबैंगनी किरणों के दुष्प्रभाव से अपने आप को बचा सकें। मंच का संचालन विद्यार्थी सेजल ने किया। इस अवसर पर डॉ. मनिका गुप्ता, डॉ. आशा रानी, डॉ. रितु चौधरी, प्रो. दीपिका उपस्थित रहे।

### आरकेएसडी कालेज में प्रेरक कार्यशाला आयोजित

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग ने बी.ए. अर्थशास्त्र प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए जीवन की समग्र सफलता में विचारों की भूमिका को समझने और उसका विश्लेषण करने हेतु एक प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में उपरोक्त विषय 'सफलता का रहस्य' पर आधारित एक लघु फिल्म विद्यार्थियों के लिए सेमिनार हॉल में दिखाई गई। लघु फिल्म में आकर्षण के नियम पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों ने बताया कि किस प्रकार वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इस नियम का प्रयोग कर सकते हैं। जीवन में सकारात्मक विचारों की कार्यविधि को प्रदर्शित करने के लिए फिल्म में कई वास्तविक उदाहरण भी दिखाए गए। सत्र में बी.ए. अर्थशास्त्र प्रथम वर्ष के 75 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे। लघु फिल्म के अंत में विद्यार्थियों द्वारा फिल्म के निहितार्थ और सीख पर चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने भी विद्यार्थियों को प्रभावी शिक्षण प्रक्रिया में शामिल करने के लिए अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सूरज वालिया और श्री यशपाल ने अर्थशास्त्र एसोसिएशन के सहयोग से इस सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में डॉ. रितु वालिया भी उपस्थित थीं।

## छात्राएं आध्यात्मिक ज्ञान से स्वयं को जागृत-सशक्त बनाएं: भगवान भाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका



गुहला-चीका। राजकीय कन्या महाविद्यालय भगवान भाई छात्राओं व स्टाफ सदस्यों के साथ

राजकीय कन्या महाविद्यालय में पहुंचे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू से आए राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाई का फूल मालाओं से स्वागत किया। भगवान भाई ने अपने संबोधन में कहा वर्तमान की छात्राए भविष्य की नारी है। अगर नारियो को सशक्त बनाना है तो वर्तमान की छात्राओ को नैतिक शिक्षा से सशक्त बनाना होगा फिर सशक्त नारी समाज का आधार स्तंभ बनेगा। जहां सशक्त नारी वहीं समाज, परिवार, देश राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। उन्होंने बताया कि नैतिक और आध्यात्मिक द्वारा हम स्वयं को सशक्त बनाकर फिर पूजनीय बन सकते है। बताया कि राजयोग के अभ्यास द्वारा स्वयं को तनावमुक्त बनाकर सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नारी जागी तो समाज जागा और नारी सोई तो समाज सोया । अब आध्यात्मिक ज्ञान से स्वयं को जागृत सशक्त बनाए।भगवान भाई ने कहा कि आज के समाज में रूढ़ियां, कुरीतियां, रीतिरिवाज, साम्प्रदायिकता बढ़ने लगी है। इस कुचक्र में नारी फसंती गयी। नारी के अधोपतन से समाज का भी पतन होने लगा है। नारी परिवार की धुरी और समाज की ईकाई है। उन्होंने कहा कि माता संतान की प्रथम गुरु है। लक्की शर्मा, बी के शशि बाला बहन, बी के आकाश भाई, बी के शिवांस भाई मौजूद रहे।




**कैथल।** अव्वल रहे खेडी गुलामअली स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### खेडी गुलाम अली की ग्राम युवा सभा की टीम कमिश्नरी स्तर पर प्रथम

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली की ग्राम युवा सभा की टीम कमिश्नरी स्तर पर प्रथम रही। एनसीईआरटी गुरुग्राम द्वारा विद्यालय की युवा ग्राम सभा को ट्रॉफी द्वारा सम्मानित किया गया।प्रार्थना सभा में प्राचार्य हरपाल सिंह व एसएमसी प्रधान राजेंद्र कुमार और समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा ग्राम युवा सभा की टीम को आशीर्वाद दिया। प्राचार्य हरपाल सिंह ने कहा कि आज के युवा कल देश के कर्णधार बनकर देश की तरक्की के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उसी कड़ी में एनसीईआरटी ने स्कूली बच्चो में प्रतियोगिता के माध्यम से ग्राम सभा की सारी कार्यवाही को जीवंत रूप देकर बच्चो को सीखने का मंच प्रधान किया है। स्कूली 50 बच्चो ने इस युवा ग्राम सभा में सचिव,पंच,सरपंच,सभी विभागों के अधिकारियों की भूमिका का जीवंत विमोचन करके ग्राम सत्तर पर आने वाली सभी समस्याओं को सरपंच के सम्मुख रख कर उनके निदान की मांग रखने पर सरपंच द्वारा शिकायतों को संबधित विभागो को समय पर हल करने की हिदायते दी गई। ग्राम युवा सभा के सभी प्रतिभागी बच्चों को एनसीईआरटी गुरुग्राम द्वारा ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।

### पुलिस ने 15 दिन बाद दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

**गुहला-चीका।** यहां एक दुकान में चोरी होने के 15 दिन बाद पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने की शिकायत प्रभावित व्यक्ति ने पुलिस महानिदेशक को कर कार्रवाई की मांग की है। इस बीच महानिदेशक को की गई शिकायत की एक कापी पत्रकारों को उपलब्ध करवाते हुए विजय कुमार ने बताया कि पिछले काफी समय से चीका में लगातार हो रही चोरियों के चलते उसे शंका थी कि कहीं चोर उसकी दुकान में भी सेंधमारी ना कर दें। नतीजतन वह रात को अपने बच्चों को घर में अकेला छोडकर मजबूरन दुकान में ही सोने लग गया ताकि चोर उसकी दुकान में चोरी न कर पाएं। विजय ने बताया कि 7 मार्च को घर के किसी सदस्य के बीमार होने के कारण वह शाम को अपनी दुकान बंद करके घर चला गया और रात को दुकान में सोने के लिए नहीं आ पाया परंतु वही हुआ जिसका उसे डर था।



**कैथल।** एचसी सुनील कुमार ग्रामीणों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गांव खरौदी, अगोंध और छौत में पुलिस ने नशे के दुष्परिणामों से करवाया अवगत

**कैथल।** नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत वीरवार को एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव खरौदी, अगोंध व छौत में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## न्यूज डायरी

### पूंडरी हलके में मजबूत रहेगा इनेलो प्रत्याशी : गोगी



**पूंडरी।** हरियाणा वाटर प्लयूशन बोर्ड के पूर्व सदस्य, अनाज मंडी पूंडरी के पूर्व प्रधान, नगरपालिका पूंडरी के पूर्व अध्यक्ष एवं इनैलो नेता रामप्रकाश गोगी कत्याल ने कहा कि पूंडरी हलके में इनैलो के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए इनैलो नेताओं व कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद है। हर रोज पूंडरी हलके के किसी न किसी गांव में ग्रामीण अन्य दलों को छोड़कर इनैलो में शामिल हो रहे है। पूंडरी हलके में इनैलो के बढ़ते ग्राफ का लाभ लोकसभा प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला को भी खूब मिलेगा और वह भारी मतों से जीतकर आगे बढ़ेंगे। अनाज मंडी पूंडरी में बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इनैलो पार्टी ही 36 बिरादरी की पार्टी है जो सभी के हितों के लिए कार्य करती है। अन्य दल तो केवल वोट के लिए उनको इस्तेमाल करते हैं। वोट लेने के लिए चुनाव के समय में आकर उनको गुमराह करके वोट हासिल कर लेते है, लेकिन चुनाव के बाद उनकी कोई सुध तक नहीं लेता।

### सरकार की नीतियों से हर वर्ग दुखी: रामचंद्र गुर्जर



**पूंडरी।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा किभाजपा की नीतियों के कारण देश का संविधान खतरे में है और लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है। जब-जब भी देश के संविधान पर खतरा आया है जनता ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस बार भी चुनाव में जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। यहां पूंडरी कार्यालय में बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा का चुनाव छठे चरण में है, इसलिए कांग्रेस अपने उम्मीदवारों पर मंथन कर रही है और जल्दी ही कांग्रेस हाईकमान प्रत्याशियों की घोषणा कर देगा।

**लक्ष्य निर्धारित** | सभी विद्यालयों में किचन गार्डन की स्थापना की जाए एवं मौसम अनुसार सब्जियों का उत्पादन किया जाए

# मुखिया राजकीय स्कूलों में 20 % तक बढ़ाएं छात्रों की संख्याः डीइओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जिला शिक्षा विभाग की ओर से वीरवार को मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय / उच्च विद्यालय / माध्यमिक विद्यालय के मुखिया ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजय लक्ष्मी ने की। उन्होंने मुख्य रूप से प्रवेश उत्सव, उल्लास, ड्रोपआउट, एमआईएम अपडेशन, एवं ई-अधिगम कार्यकम पर सभी स्कूल मुखियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों को वर्ष 2024-25 में अपनी छात्र संख्या 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया है। सभी मुखिया गंभीरता दिखाते हुए विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने का काम करें। सभी कर्मचारी अपने आस-पास के क्षेत्र से कम से कम एक छात्र का दाखिला सरकारी विद्यालय में करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने उल्लास स्कीम के तहत सर्वे को भी 20 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सफाई व्यवस्था का पूर्ण ध्यान रखा जाए एवं लोक सभा चुनाव को देखते हुए हर बूथ के अंदर बिजली, पानी एवं अन्य मौलिक सुविधाओं की पूर्ण व्यवस्था की जाए। सभी बनाए गए बुथों पर प्रवेश एवं निकासी का अलग-अलग द्वार हो। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती सरोज दहिया ने एमआईएम पर विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत ट्रांजेक्शन करने बारे सभी स्कूल मुखिया को निर्देश दिया। सभी विद्यालयों में किचन गार्डन की स्थापना की जाए एवं मौसम अनुसार सब्जियों का उत्पादन किया जाए। इस मौके पर उप-जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र आर्य, जिला ई-अधिगम नोडल अधिकारी नरेन्द्र बाल्यान एवं अंकुर सिंगला, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ नरेश कुमार, गिरिश कौशिक, बलबीर कश्यप, सुरेश कैंदल, सुरेश सिंगला, ओम प्रकाश एवं बीआरसी संजय शर्मा मौजूद रहे।






**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। फोटो हरिभूमि

### सभी स्कूलों में एसओपी पूर्ण रूप से लागू करना सुनिश्चित करें : डा. विजय लक्ष्मी



राजौंद। संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी।

**राजौंद।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ई अधिगम कार्यक्रम के अन्तर्गत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला परियोजना संयोजक सुरेंद्र आर्य और सी एम जी जी श्रुति शर्मा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी ने की। मीटिंग में शामिल जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 8 अप्रैल 2024 तक जिले के सभी विद्यालयों में एसओपी पूर्ण रूप से लागू करना सुनिश्चित करें। ताकि नए शैक्षिक सत्र में ई-अधिगम कार्यक्रम सुचारू रूप से लागू कर सभी बच्चों द्वारा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट का अच्छे तरीके से प्रयोग कर डिजिटल कॉन्टेंट्स का लाभ मिल सके। इसमें ईअधिगम जिला कोदृओर्डिनेटर नरेंद्र बाल्यान व अंकुर सिंगला ने विस्तारपूर्वक सभी को बताया की कार्यक्रम की एस ओ पी को किस प्रकार से लागू करना है। इस दौरान बलबीर सिंह कश्यप, सुरेश कुमार कैंदल व अन्य खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे और सभी ने इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू करने का विश्वास जिला शिक्षा अधिकारी को दिलाया।

## खबर संक्षेप



राजौंद। कन्या स्कूल की गली के सामने सड़क पर भारा गंदा पानी।

### गली में जमा पानी के कारण छात्राएं परेशान

राजौंद। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सामने सड़क व गली की दुर्दशा को लेकर छात्राओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि इस गली से खाली निकलना भी कठिन हो गया है। जबकि यहां से सैकड़ों छात्राएं प्रतिदिन गुजरती हैं। क्योंकि सड़क पर पानी की निकासी नहीं है सारा पानी सड़क और गली में भर जाता है। असंध रोड से कन्या स्कूल के मुख्य द्वार तक गली पूरी तरह उबड़ खाबड़ हो चुकी है और यह समस्या वर्षों से बनी हुई है। इस दौरान पैदल भी नहीं निकला जा सकता।

### मार्केट कमेटी चीका से टुलू पंप व टोंटी चोरी

कैथल। दो अलग-अलग मामलों में चोर मार्केट कमेटी चीका से टुलू पंप, टोंटी व जाल और प्रेमपुरा स्थित एक मकान से गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में मार्केट कमेटी चीका के सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी सतबीर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि दो अप्रैल को दोपहर के समय अज्ञात आरोपी अतिरिक्त अनाज मंडी चीका से कुछ टुलू पंप, लगभग 100 पानी की टोंटी, व 12 लोहे के जाल चोरी हो कर ले गए। उन्हें किसी प्रत्यक्षदर्शी ने बताया है कि रात को एक ट्रक आता है और उसका चालक सरकारी संपत्ति की चोरी करता है।

### भाजपा को उठाना होगा धरने का खामियाजा

राजौंद। राजौंद में कॉलेज बनाओ ट्रीटमेंट प्लांट हटाओ की मांग को लेकर चल रहा धरना 70 वे दिन भी जारी रहा। इस दौरान धरने की अध्यक्षता कर रहे सतविंद्र उर्फ काका राणा ने कहा कि उनकी मांग जब तक पूरी नहीं होती धरना यूं ही चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि 70 दिन बीत चुके हैं। लेकिन सरकार ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। जिसे लेकर अब तो आसपास के गांव के लोगों में भी सरकार के प्रति रोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए समय रहते उनकी मांग को पूरा कर दे वरना भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## अस्पताल में इंजेक्शन खत्म होने से हो रही थी मरीजों को परेशानी

# नागरिक अस्पताल को मिले 700 एंटी रेबीज वॉयल

- एक वॉयल से लगाई जा सकती है पांच डोज
- बाहर से चार गुणा महंगे दामों पर इंजेक्शन लगवाने को हो रहे थे मजबूर
- एक माह में लगभग 1300 लगाए जाते हैं इंजेक्शन



- प्रतिदिन 50 से 60 लोग लगवाने आते हैं एंटी रैबीज का इंजेक्शन
- आगामी अढ़ाई माह का स्टॉक स्वास्थ्य विभाग के पास : डॉ. भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल को 700 एंटी रेबीज इंजेक्शन का स्टॉक (वॉयल) उपलब्ध हो गया है। एक वॉयल से पांच डॉज लगाई जा सकती हैं। अस्पताल के पास एंटी रेबीज इंजेक्शन नही होने के चलते मरीजों को बाहर निजी अस्पतालों में महंगे दामों पर इंजेक्शन लगवाना पड़ रहा था। वीरवार को जैसे ही स्वास्थ्य विभाग को इंजेक्शन उपलब्ध हुए तो मरीजों को लगाने का काम शुरू किया गया। जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली है।

### प्रतिदिन 50 से 60 लोग लगवाने आते हैं एंटी रेबीज का इंजेक्शन

नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 50 से 60 लोगों को एंटी रेबीज के इंजेक्शन की जरूरत पड़ती है। इसके लिए बीपीएल परिवारों को सरकारी अस्पताल में मुफ्त में इंजेक्शन लगाए जाते हैं जबकि सामान्य वर्ग के लोगों को 100 रुपये देने पड़ते हैं। यह कोर्स पांच इंजेक्शन का होता है। तिथि अनुसार मरीज को इंजेक्शन लगवाने के लिए बुलाया जाता है। वहीं बाहर यह इंजेक्शन 400 से 500 रुपये में लगाया जाता है। पिछले सप्ताह नागरिक अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन खत्म हो गए थे और लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा था। जिससे लोग मजबूरन कैमिस्ट की दुकानों से 400 रुपये में इंजैक्शन लाकर या फिर निजी अस्पतालों में इंजैक्शन लगवा रहे थे। स्वास्थ्य विभाग ने इसे लेकर अधिकारियों व कैथल वेयर हाउस को जानकारी उपलब्ध करवा दी थी।

### 700 वॉयल की मिली खेप

नागरिक अस्पताल प्रशासको एंटी रैबिज इंजेक्शन कैथल में स्थित वेयर हाउस से मिले हैं।

### बंदर व कुत्तों को काटे गए लोगों को लगाए इंजेक्शन

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि 700 एंटी रेबीज इंजेक्शन की खेप वीरवार को स्वास्थ्य विभाग को मिल गई है। जिस पर तुरंत प्रभाव से लोगों इंजेक्शन लगाने का काम किया गया है। फिलहाल विभाग के अढाई माह का स्टॉक है। एंटी रैबिज इंजेक्शन की डिमांड समयानुसार की जाती रहेगी।

इसके अलावा अस्पताल में आने वाली दवाएं भी कैथल वेयर हाउस से ही आती हैं। इंजेक्शन के लिए वेयर हाउस में डिमांड दी गई थी। वहां से नागरिक अस्पताल को 700 वॉयल मिली हैं। इंजेक्शन उपलब्ध होने पर ही नागरिक अस्पताल में लोगों को इंजेक्शन लगाने काम किया गया।



पूंडरी। गांव हाबड़ी में ग्रामीणों के साथ विधायक रणधीर सिंह गोलन।

### जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक रणधीर गोलन का हाबड़ी वासियों ने किया स्वागत

पूंडरी। विधायक रणधीर सिंह गोलन गांव हाबड़ी में पंहुचे तो वहां सिख समाज के लोगो ने गोलन का फूल-मालाओ से जोरदार स्वागत किया। विधायक गोलन ने भी अपनी तरफ से सभी साथियों का हार्दिक धन्यवाद किया। गोलन ने संबोधन में कहा कि हमारा पूरे हल्के के साथ एक भाईचारे वाला रिश्ता नाता है। सामान्य से सामान्य आदमी भी सीधा हमसे संपर्क कर सकता है और इस बात को हमनें साढे 4 वर्ष के कार्यकाल में सिद्ध करके दिखाया है। गोलन का कहना था कि हम सबको इस अपनें रिश्ते को और मजबूत बनाना है और आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर बार समस्त 36 बिरादरी को विजयी बनाना है। पूंडरी हल्कावासियों के बीच सुख-दुख में हर समय मौजूद रहता हूं वर्ना पहले के विधायकों को तो वातानुकूलित कमरों से ही फ्रुसत नहीं मिलती थी। इस कार्यकाल में इस झूठ-फरेब और नकली राजनीति का अंत करने का काम किया है। विधायक ने बताया कि आज पूंडरी हल्के का विकास यात्रा का डंका पूरे हरियाणा में बोल रहा है और हमनें कठोर परिश्रम करके अपनें हल्के को चमकानें में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। आगे भी हम सब मिलकर पूरी मेहनत से दोबारा विजयी होंगे ताकि पूंडरी हल्का यूं ही प्रगति करता रहें।

### किसानों का पीला सोना पककर हुआ तैयार



राजौंद। किसानों का पीला सोना पक्क कर तैयार हो चुका है। किसानों ने गेहूं कटाई की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 2 से3 दिन तक गेहूं मंडी में पहुंचनी शुरू हो जाएगी। किसानों ने बताया कि उनकी गेहूं की फसल लगभग पककर तैयार हो चुकी है और वह चाहते हैं कि जल्दी ही अपनी गेहूं की फसल को कटवाकर मंडी में भिजवा दें। क्योंकि आएं दिन मौसम की उठा.पटक को लेकर उन्हें चिंता हो रही है। कहीं पक्का पकाया उनका पीला सोना मौसम की मार पड़ने से खराब न हो जाए। क्योंकि आए दिन मौसम परिवर्तित हो रहा है।

## जजपा ने जींद हलके की अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की घोषित की कार्यकारिणी

- राजेश व प्रवीन कुमार बने वरिष्ठ उपप्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जननायक जनता पार्टी ने अनुसूचित जाति की हलका प्रकोष्ठ की वीरवार को घोषणा प्रकोष्ठ के हलका प्रधान दीपक बरसोला ने जिला संयोजक गंगा सिंह रामराय के साथ विचार विमर्श कर की। इसमें दीपक ने बताया कि कार्यकारिणी का गठन हलका प्रधान सुनील कंडेला, जिलाप्रधान कृष्ण राठी व पार्टी हाईकमान से विचार विमर्श कर की है ताकि संगठन को अधिक मजबूत बनाया जा सके। जानकारी देते हुए प्रकोष्ठ के हलका प्रधान दीपक बरसोला ने बताया कि इसमें राजेश सरपंच व प्रवीन कुमार ढांडाखेड़ी को वरिष्ट उपप्रधान के पद पर नियुक्त किया गया है। मुख्यतार रूपगढ़, सुलतान जींद, नत्थुराम अहिरका, गुलाब सिंह बोहतवाला, आजाद सिंह कंडेलाए विक्रम जींद, जसवंत कैरखेड़ी, सुमेर झांजकलां, राजबीर अहिरका, शिबु जींद को उपप्रधान के पद पर जिम्मेदारी मिली है। पालाराम झाजकलां को प्रधान महासचिवए राजपाल लोहचब, कुलबीर अमरहेड़ी, दीपक जींद, रोहताश झाजकलां, सावन जींद, मनोज इंटलकलां, नसीब रूपगढ़, अमित रामकालोनी, नरेश विजयनगर, महाबीर अहिरका, सजंय जींद को महासचिव के पद पर नियुक्ति दी गई।

## मांग को लेकर आढ़तियों की हड़ताल जारी

- पुरानी मंडी में दो घंटे तक धरना देते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आढ़ती।

सरसों पर ढाई प्रतिशत आढ़त देने के साथ-साथ एमएसपी पर खरीदी जाने वाली फसलों पर ढाई प्रतिशत आढ़त दिए जाने की मांग को लेकर आढ़तियों की हड़ताल जारी है। पुरानी मंडी में दो घंटे तक धरना देते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मंडी प्रधान सत्यवान पेगां की अध्यक्षता में लगातार चौथे दिन धरना आढ़तियों ने दिया। सत्यवान पेगां ने कहा कि सरकार निरंतर आढ़तियों के विरोधी फैसले लेते हुए आढ़त को समाप्त करने की नियत से काम कर रही है। सरकार को चाहिए कि वो आढ़त जो पहले ढाई प्रतिशत होती थी उसे लागू करें। गेहूं पर जो आढ़त दी जाती है वो ढाई प्रतिशत से कम है तो सरसों पर आढ़तियों को आढ़त सरकार सरकारी खरीद पर फसल खरीदने के बाद नहीं दे रही है। जितनी भी फसल एमएसपी पर खरीदी जाती है सभी पर ढाई प्रतिशत आढ़त आढ़तियों को दे। पूरे प्रदेश में आढ़ती अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है। 5 अप्रैल को आढ़ती एसोसिएशन हरियाणा की मीटिंग में जो फैसला होगा उनके अनुरूप आढ़ती आगामी आंदोलन अपने हक के लिए करेंगे। इस मौके पर राजेंद्र बुडायन, दलबीर श्योकंद, सुरेश खरकभूरा, अनूप सहरावत, रामनिवास करसिंधु, रमेश नंबरदार, जस्सा नगूरां, पूर्व सरपचं बिजेंद्र, कुलदीप श्योकंद, भोपा करसिंधु, साधुराम शर्मा खेड़ा मौजूद रहे।

## बुलेट से पटाखे बजाकर दहशत फैलाने वालों पर शिकंजा

- कुल 4678 वाहनों के चालान काटकर किया 33 लाख 47 हजार 500 रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की अलग -अलग टीम बनाकर ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे जा रहे हैं तथा साथ साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारें भी जागरूक किया जा रहा है।

### पुलिस समाज के लिए जिम्मेदार



एसपी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटने का नही है बल्कि आमजन की जिंदगी बचाना है। सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में होने वाले जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए पुलिस कटिबद्ध है। समाज के एक जिम्मेदार व समझदार नागरिक होने के नाते ट्रैफिक नियमों की पालना करें खुद की जिंदगी और अपनें परिवार की जिन्दगी को सुरक्षित रखें ।

पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा करने वाले तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर विशेष तौर पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान मार्च माह दौरान एसी बुलेट बाइको के 103 चालान किए गए है। पुलिस द्वारा इस प्रकार की मोटरसाइकिलों पर निरंतर पैनी नजर रखने कारण अब सडक पर साईलैंसर की मार्फत पटाखे की आवाज निकालने अथवा मोडिफाईड साईलैंसर युक्त बुलेट बाइकों में भारी गिरावट आई है जिससे नागरिकों व कालोनी वासियों ने भी राहत की सांस ली है। प्रवक्ता ने बताया कि मार्च माह के दौरान यातायात पुलिस ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों से काफी सख्ती से पेश आई।

## भाजपा किसान मोर्चा कैथल की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



आज भाजपा जिला कार्यालय कपिल-कमल में भाजपा किसान मोर्चा कैथल द्वारा जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सैनी ने की। आज की बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुनील वत्स रहे। उनके साथ जिला प्रभारी आजाद खलीला व लोकसभा कुरुक्षेत्र के प्रभारी नरेन्द्र गोरसी रहे। आज की इस जिला स्तरीय बैठक में जिला कैथल के सभी पदाधिकारीयों और सभी मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी गांवों में किसान मोर्चा के ग्राम प्रमुख बनाए जाने के लिए प्रदेश महामंत्री ने कहा।



### बिना शिक्षा के जीवन में कुछ नहीं : सुनील खटकड़

उचाना। अशोका विद्या मंदिर स्कूल खटकड़ में हवन कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। हवन में पूर्ण आहुति शिक्षाविद सुनील खटकड़ ने दी। सुनील खटकड़ ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है। बिना शिक्षा के जीवन में कुछ नहीं है। आज का दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है। इस दौर में जब ही आगे बढ़ा जा सकता है जब हम शिक्षित होंगे। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत है। इस मौके पर सतीश कुमार, नरेंद्र खटकड़, वीरेंद्र खटकड़, सुनील शर्मा, बबीता, पुष्पा, मोनिका, कविता, सोनू, आरती, सीमा मौजूद रही।

### डॉ. बीआर आंबेडकर वेलफेयर सोसायटी की बैठक सात को

जींद। डा. बीआर आंबेडकर वेलफेयर सोसायटी द्वारा गुरु रविदास धर्मशाला सफीदों रोड अर्बन एस्टेट में सात अप्रैल को सोसायटी की आम सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सोसायटी के प्रधान राजेश पहलवान ने बताया कि बैठक में 14 अप्रैल को बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा गुरु रविदास धर्मशाला में गुरु रविदास का मंदिर बनाने की रुपरेखा तैयार की जाएगी। सोसायटी के महासचिव रामचंद्र ने सभी सदस्यों से अपील की है कि सात अप्रैल को गुरु रविदास धर्मशाला में 'यादा से 'यादा संख्या में पहुंचे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## 90 से अधिक साधकों ने किया योगाभ्यास

- निरोगी जीवन जीने के लिए योग सबसे कारगर तरीका : महावीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला चीका। साधकों को मधुमेह से बचाव के तरीके बताते हुए डॉ. मनोज गांधी।

भारतीय योग संस्थान जिला चीका द्वारा लगाए जा रहे पांच दिवसीय मधुमेह निवारण योग शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी महावीर कंसल मटोरिया ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर किया। महावीर मटोरिया के कार्यक्रम में पहुंचने पर संस्थान के पदाधिकारियों ने फूलमाला से उनका स्वागत किया। इस मौके पर महावीर मटोरिया ने कहा कि वर्तमान समय में हमारा जीवन भागदौड़ भरा व तनावग्रस्त हो गया है, जिसके चलते शरीर को अनेकों बीमारियों घेर रही हैं। उन्होंने कहा कि तनाव से मुक्ति पाने व स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग सबसे कारगर तरीका है।

### तनाव मधुमेह का प्रमुख कारण

प्रमुख चिकित्सक डॉ.मनोज गांधी ने मधुमेह होने के कारण व इससे बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि हमारी अनियमित दिनचर्या, गलत खानपान और तनाव मधुमेह होने का सबसे प्रमुख कारण है। प्रेम पुनिया में भारतीय योग संस्थान द्वारा प्रकाशित की जाने वाली योग मंजरी और इसके अंदर रोग से बचाव के लिए दी जाने वाली महत्वपूर्ण जानकारी से साधकों को अवगत करवाया। अंत में मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह व योग मंजरी भेंट कर सम्मानित किया गया।



उचाना। गली निर्माण की जानकारी देते हुए पार्षद कपिल जोगी।

### पार्क वाली गली का निर्माण शुरू

उचाना। वार्ड आठ में पार्क वाली गली के निर्माण का शुभारंभ चेयरमैन विकास काला एवं वार्ड के पार्षद कपिल जोगी द्वारा किया गया। कपिल जोगी ने कहा वार्ड के लोगों की मांग गली निर्माण की पूरी हुई है जो काफी पुरानी मांग है। निरंतर वार्ड में जितनी समस्याएं है उनको लेकर काम किया गया है। इस मौके पर राजेश करसिंधु, राजेश नंबरदार, राममेहर श्योकंद, दीपक जैन मौजूद रहे।

### माकपा ने युवाओं के भविष्य को लेकर जताई चिंता

जींद। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माकपा के रा'य सचिव मंडल ने हरियाणा और यूपी के उन 64 नौजवानों के जीवन और भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की हैए जिन्हें भारत सरकार द्वारा गत दिवस इजरायल में काम करने के लिए भेजा गया है। पार्टी के जिला सचिव रमेश चंद्र ने कहा कि अप्रैल महीने में हर रोज ऐसे जत्थे इजरायल भेजे जाएंगे और कुल 1500 नौजवान इस महीने इजरायल में श्रमिकों के तौर पर काम करने के लिए भेजे जाएंगे। रमेश चंद्र ने कहा कि हरियाणा, पंजाब व अन्य रा'यों के नौजवानों का युद्ध ग्रस्त इजरायल में नौकरी करने के लिए तैयार हो जाना देश में बेरोजगारी और भुखमरी की गंभीर हालत को दर्शाता है। यहां तक कि युवा लोग परिवार पालन के लिए अपनी जान तक दांव पर लगाने को तैयार हैं।

**बैठक** | एक्साइज एंड टैक्ससेशन विभाग आयुक्त ने जिला उपायुक्तों के साथ की बैठक

## लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब की रोकथाम

- शराब की अवैध आवाजाही व नकली शराब की शिकायत किसी भी सूरत में नहीं होगी बर्दाश्त : मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। वीसी में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग के आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने कहा कि अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो इसके लिए संबंधित विभाग तत्परता से निगरानी करें और इसके लिए दूसरे राज्यों की सीमा पर विशेष ध्यान देकर जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य किया जाए ताकि किसी भी हाल में अवैध शराब का चलन न हो सके। अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए नगदी व उपहार देने की घटनाएं पर्व में होती रही हैए इसके लिए अवैध रूप से सामान का आयात व निर्यात करने वाले लोगों पर जीएसटी को लेकर भी कार्यवाही अमल में लाई जाए। यह निर्देश आयुक्त ने वीरवार को हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों को दिए। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने आयुक्त को आश्वासन देते हुए कहा कि जिला में किसी भी प्रकार से अवैध शराब नही बिकने दी जाएगी। जिला के साथ लगते दूसरे राज्यों के बॉर्डर व अन्य संवेदनशील इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला में एफएसटी व एसएसटी टीमों का गठन कर दिया गया है। वीसी के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला अधिकारियों से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो इसके लिए संबंधित विभाग तत्परता से निगरानी करें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों पर रिकॉर्ड भी चेक करें। किसी भी हाल में जिला में अवैध शराब ना मिले। अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त से सख्त कार्रवाई हो।